डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-21/DSMNRU/फा0सं0–1681/Ph.D कार्स वर्क/2025–26 दिनांकः– 18 अप्रैल, 2026

शोधार्थियों की पीएच0डी0 कोर्स वर्क परीक्षा माह अप्रैल, 2026 हेतु समर्थ पोर्टल पर
कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र–2024–25 में प्रवेशित शोधार्थियों की पीएच0डी0 कोर्स वर्क परीक्षाएं विश्वविद्यालय में विभागीय स्तर पर सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा समय–सारिणी विभागीय स्तर से निर्गत करते हुए परीक्षाएं आयोजित की जानी है। शोधार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय में पीएच0डी0 कोर्स वर्क परीक्षाओं हेतु अर्ह/पात्र शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित लिंक **https://dsmru.samarth.edu.in/index.php/site/login** के द्वारा Samarth Portal के माध्यम से अपनी **नामांकन संख्या (Enrollment No.)** भरकर लॉगिन करते हुये **दिनांक 20.04.2026 से दिनांक 22.04.2026 तक अपना ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरना सुनिश्चित करें।** साथ ही विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। समर्थ पोर्टल पर **ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन एवं ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

शोधार्थियों से अपेक्षित है कि वे समर्थ पोर्टल पर अपने ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन करते हुए परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें। ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन/परीक्षा आवेदन भरे जाने के पश्चात् विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान किया जाना संभव नहीं हो पायेगा।

उक्त के क्रम में समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सेलेक्शन/ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन भरने में शोधार्थियों को किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्बन्धित विभाग के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक से सम्पर्क करेंगे। परीक्षा ऑन–लाइन आवेदन भरे जाने के उपरांत सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष द्वारा आवेदन वेरीफाई करने के उपरांत ही प्रवेश–पत्र निर्गत किया जायेगा, जिसे शोधार्थी द्वारा डाउनलोड करते हुए परीक्षा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता (शैक्षणिक), विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से शोधार्थियों को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन कोर्स सलेक्शन करते हुए आवेदन भरे जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा विद्यार्थियों द्वारा भरे गये ऑन–लाइन आवेदन को अपने स्तर से वेरीफाई करने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
7. ओ0एस0डी0, शोध विश्वविद्यालय।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित विभाग में अध्ययनरत् शोधार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने विभाग में सुरक्षित रखेंगे।
10. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।

18/4/26

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक